दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-116, वीरवार 28 अप्रैल, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# चार संस्थाओं ने मिलकर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**बल्लबगढ़, 27 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के दोनों संभागों में बुधवार को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट व भारतीय चिकित्सक संघ फरीदाबाद के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया ।

इस कार्यक्रम की शुरूआत शिविर के संरक्षक व आयोजक डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमे उन्होने कहा कि रक्तदान शिविर शुरू से ही महाविद्यालय की एक नियमित विशेषता रही है। उनका कहना था वही लोग खामोश रहते हैं, जमाने मेंजिनके कर्म बोलते हैं। उन्होंने महाविद्यालय की उपलब्धियों और उल्लेखनीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया।

उन्होंने इस शिविर के आयोजन में अथक प्रयास करने वाले वाई. आर. सी., आर. आर. सी., एन.एस. एस. और एन. सी. सी. के सभी आयोजकों और प्रभारियों को शुभकामनाएं दीं । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र यादव, जिला उपायुक्त, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने सम्भाषण में कहा कि समाज में असली हीरो वे ही हैं जो दूसरों के लिए रक्तदान करते हैं और इस शिविर के आयोजन पर बधाई दी। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए अधिक से अधिक मात्रा में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरूआत अपने घर से होती है।



अग्रवाल कालेज में चार संस्थाओं द्वारा आयोजित रक्त दान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। छायाः सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

लोग बदलेंगे, समाज बदलेगा और देश बदलेगा कसेवा करने से ही मेवा प्राप्त होती है। छात्र छात्राओं को अच्छे कर्म करने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके वक्तव्य में कहा गया कि शैक्षणिक संस्थान ईंट,पत्थरों से बने भवनों से शोभायमान नहीं होते, उनकी शोभा विद्यार्थियों और शिक्षक वर्ग से होती है। उनके द्वारा उच्च विचारों से सामाजिक परिवर्तन व देश परिवर्तन की बात कही गयी।

डॉ. वासुदेव गुप्ता, समाजवादी और उपाध्यक्ष, अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा बल्लबगढ़ ने विशाल रकदान शिविर कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं को रक्तदान करने की सलाह दी। इस अवसर पर मनीष नरवाल, अंतर्राष्ट्रीय पैरालम्पिक शूटर को एक लाख इक्यावन हजाररुपए देकर अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा सम्मानित किया गया।

इस शिविर में योगदान करने वाले गणमान्य व्यक्तियों का भी आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय गुप्ता, सी. एम. ओ., मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फरीदाबाद रहे। उन्होंने अपने विचारों से अवगत करते हुए कहा कि हमें रक्तदान बार-बार करना चाहिए कयह शरीर के लिए बेहद जरुरी है । रोटेरियन एच. एल. भूटानी, जिला निदेशक, रक्तदान फरीदाबाद, रोटेरियन तरुण गुप्ता, सनदी लेखाकार परियोजना प्रभारी, रोटेरियन कुलवीर सचदेवा, माननीय सचिव रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ईस्ट, डॉ. दिनेश गुप्ता, अध्यक्ष, भारतीय चिकित्सक संघ, फरीदाबाद, डॉ. नवनी गर्ग, कोषाध्यक्ष, भारतीय चिकित्सक संघ, फरीदाबाद भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर रक्तदान के क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए निम्न विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिनमे जगजीत सिंह लांबा, डॉ. एम. पी. सिंह, महेंद्र महतानी, डॉ. अरुण कुमार सिंघल, डा. जयपाल सिंह, डॉ. प्रवीण गुप्ता, विकास, विमल खंडेलवाल, संजय वाधवानी और महेश थे ।